8th std Hindi (L-2) Worksheet   date: 21/2/2024

1. संसार में शांति, व्यवस्था और सद्भावना के प्रसार के लिए बुद्ध, ईसा मसीह, मुहम्मद चैतन्य, नानक आदि महापुरुषों ने धर्म के माध्यम से मनुष्य को परम कल्याण के पथ का निर्देश किया, किंतु बाद में यही धर्म मनुष्य के हाथ में एक अस्त्र बन गया। धर्म के नाम पर पृथ्वी पर जितना रक्तपात हुआ उतना और किसी कारण से नहीं। पर धीरे-धीरे मनुष्य अपनी शुभ बुधि से धर्म के कारण होने वाले अनर्थ को समझने लग गया है। भौगोलिक सीमा और धार्मिक विश्वासजनित भेदभाव अब धरती से मिटते जा रहे हैं। विज्ञान की प्रगति तथा संचार के साधनों में वृद्धि के कारण देशों की दूरियाँ कम हो गई हैं। इसके कारण मानव-मानव में घृणा, ईर्ष्या वैमनस्य कटुता में कमी नहीं आई। मानवीय मूल्यों के महत्त्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का एकमात्र साधन है शिक्षा का व्यापक प्रसार।

(क) मनुष्य अधर्म के कारण होने वाले अनर्थ को कैसे समझने लगा है

(i) संतों के अनुभव से

(ii) वर्ण भेद से

(iii) घृणा, ईर्ष्या, वैमनस्य, कटुता से

(iv) अपनी शुभ बुधि से

(ख) विज्ञान की प्रगति और संचार के साधनों की वृद्धि का परिणाम क्या हुआ है|

(i) देशों में भिन्नता बढ़ी है।

(ii) देशों में वैमनस्यता बढ़ी है।

(iii) देशों की दूरियाँ कम हुई है।

(iv) देशों में विदेशी व्यापार बढ़ा है।

(ग) देश में आज भी कौन-सी समस्या है

(i) नफ़रत की

(ii) वर्ण-भेद की

(iii) सांप्रदायिकता की

(iv) अमीरी-गरीबी की

(घ) किस कारण से देश में मानव के बीच, घृणा, ईर्ष्या, वैमनस्यता एवं कटुता में कमी नहीं आई है?

(i) नफ़रत से

(ii) सांप्रदायिकता से

(iii) अमीरी गरीबी के कारण

(iv) वर्ण-भेद के कारण

(ङ) मानवीय मूल्यों के महत्त्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का एकमात्र साधन है

(i) शिक्षा का व्यापक प्रसार

(ii) धर्म का व्यापक प्रसार

(ii) प्रेम और सद्भावना का व्यापक प्रसार

(iv) उपर्युक्त सभी

वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए।)

1) छात्र को मिलने वाली वृत्ति

अ) पेंशन आ) तनख्वाह इ) आमदनी ई) छात्रावृत्ति
2) मार्ग दर्शाने वाला
अ) मार्ग आ) मार्गदर्शक इ) रास्ता ई) दर्शक
3) बंदियों को रखने का स्थान
अ) बंदीगृह आ) हॉस्पीटल इ) पाठशाला ई) घर
(समास)
1) महासागर कौन सा समास है?
अ) कर्मधारय समास आ) तत्पुरुष समास इ) द्विगुसमास ई) द्वंद्व समास
2) अव्ययीभाव समास का उदाहरण है–
अ) तिरंगा आ) दोपहर इ) मृगेंद्र ई) प्रतिदिन
3) 'दशानन' में समास है_
अ) द्वंद्व समास आ) तत्पुरुष समास इ) बहुर्विहि समास ई) अव्ययीभाव समास
(मुहावरे)
1) 'गागर में सागर' मुहावरे का अर्थ–
अ) घड़ा भरना आ) सागर जितना बड़ा इ) सागर का महत्व ई) थोड़े में बहुत अधिक
2) 'शर्माना' सही मुहवरा चुनिए?
अ) लाल पीला होना आ) कपोल लाल हो उठना इ) सकपका जाना ई) नौ दो ग्यारह
3) स्त्री अपने पुत्र के कौशल देखकर गदगद हो उठी। रेखांकित मुहावरे का अर्थ–
अ) गुदगुदी होना आ) दुखी होना इ) बहुत खुश होना ई) अहंकार होना
(पर्यायवाची शब्द)
1) भ्रमर का पर्यायवाची शब्द?
अ) कीड़ा आ) मधुमख्खी इ) मधुकर ई) चींटी
2) स्मरण के लिए सही पर्याय–
अ) स्मृति आ) सपने इ) साँझ ई) भूलना
3) सरस्वती शब्द के लिए कौन सा विकल्प सही है?
१) लक्ष्मी २) शारदा इ) पार्वती ई) माँ काली